

# यूपी वारियर्स ने आरसीबी को दिया 144 का लक्ष्य

**मुंबई, 12 जनवरी. महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले में यूपी वॉरियर्स महिला टीम ने जुझारू बल्लेबाज़ी का परिचय देते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला टीम के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा। एक समय 50 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद टीम ने शानदार वापसी की और 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए।**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत धीमी रही। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की सटीक गेंदबाज़ी के सामने बल्लेबाज़ खुलकर रन नहीं बना सकीं। हरलीन देओल 11 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि कप्तान मेग लैनिंग 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। पावरप्ले के छह ओवरों में टीम केवल 36 रन ही जोड़ सकी।

इसके बाद फीबी लिचफील्ड ने 11 गेंदों में 20 रन बनाकर पारी को गति देने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सकीं। इसके तुरंत बाद किरण नवगिरे भी मात्र पांच रन बनाकर आउट हो गईं। 8.2 ओवर में टीम का स्कोर 50/5 हो गया और यूपी वॉरियर्स गंभीर संकट में दिखाई देने लगी.



## दीप्ति – डॉटिन की जुझारू साझेदारी

ऐसे मुश्किल समय में दीप्ति शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने धैर्यपूर्वक बल्लेबाज़ी करते हुए स्ट्राइक रोटेट की और खराब गेंदों पर चौके लगाए। दीप्ति ने 35 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। उनकी यह पारी टीम के लिए बेहद अहम साबित हुई। दूसरे छोर से डिएंड्रा डॉटिन ने भी संयम और आक्रमण का संतुलन बनाए रखा। डॉटिन ने 37 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए और अंतिम ओवरों में आक्रामक शॉट लगाकर स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाज़ों के बीच हुई साझेदारी ने टीम को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया। अंतिम पांच ओवरों में यूपी वॉरियर्स ने तेजी से रन बटोरे और स्कोर 140 के पार पहुंचाया। जिस पिच पर शुरुआत में बल्लेबाज़ी करना आसान नहीं था, वहां 143/5 का स्कोर चुनौतीपूर्ण माना जा सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से श्रेयंका पाटिल सबसे सफल गेंदबाज़ रहीं, जिन्होंने चार ओवर में दो विकेट लिए। नाडीन डी क्लार्क ने भी दो विकेट झटके, जबकि लॉरेन बेल को एक सफलता मिली। अरुंधति रेड्डी ने किफायती गेंदबाज़ी की, हालांकि अंतिम ओवरों में कुछ ढीली गेंदों का नुकसान टीम को उठाना पड़ा।




# बार्सिलोना ने सुपर कप जीता

## रियल मैड्रिड को 3-2 से हराकर 14वीं बार खिताब कब्जाया

**रियाद, 12 जनवरी. स्पेनिश सुपर कप के एल क्लासिको में बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच रोमांचक मुकाबला सोमवार को रियाद में खेला गया, जिसमें बार्सिलोना ने अंतिम समय तक दबाव झेलते हुए 3-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के हीरो राफिन्हा बने, जिन्होंने दूसरे हाफ में सही मौके पर गोल दागकर टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई।**

मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने संतुलित खेल दिखाया। रियल मैड्रिड ने पहले हाफ में कई बार आक्रामक रुख अपनाया, विशेषकर बेलिंघम, विनीसियस और रोड्रिगो ने रक्षात्मक कमजोरियों पर दबाव बनाने की कोशिश की। हालांकि, बार्सिलोना ने संयम और समझदारी से खेलते हुए अपनी रणनीति को मज़बूती दी। पहली हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमों के बीच गहन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन गोल की कमी रही। दूसरे हाफ की शुरुआत में रियल मैड्रिड ज्यादा आक्रामक नजर आया। विनीसियस और रोड्रिगो ने भी फुर्ती और तकनीक का अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन बार्सिलोना की डिफेंस लाइन बेहद संगठित दिखी। इस बीच राफिन्हा ने सही समय पर मैदान पर अपनी मौजूदगी साबित की और शानदार तकनीक से टीम को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई।

फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि बार्सिलोना ने मैच के प्रत्येक चरण में रणनीति के अनुसार निर्णय लिए। रेड कार्ड मिलने के बाद भी टीम ने संयम बनाए रखा और किसी भी तरह का घबराहट वाला खेल नहीं दिखाया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि टीम में न केवल प्रतिभा है, बल्कि मानसिक संतुलन और खेल की समझ भी है। स्पेनिश सुपर कप का यह खिताब बार्सिलोना के लिए महत्वपूर्ण है। टीम ने इस जीत से न केवल खिताब अपने नाम किया, बल्कि आगामी मैचों के लिए भरोसा भी जुटाया। रियल मैड्रिड ने हार के बावजूद मजबूती दिखाते हुए कई अवसर बनाए, लेकिन बार्सिलोना की योजना और उत्कृष्ट डिफेंस ने उन्हें हर बार रोक दिया। इस जीत के साथ, बार्सिलोना अपने प्रशंसकों को खुशी और गर्व का एहसास दिलाने में सफल रही।

विजय हजारे क्वार्टर फाइनल

# कर्नाटक, सौराष्ट्र ने सेमीफाइनल की राह पक्की की

**बेंगलुरु, 12 जनवरी.** विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को बेंगलुरु में खेले गए मुकाबलों में कर्नाटक और सौराष्ट्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बारिश से प्रभावित दोनों मैचों में इन टीमों ने अपने दबदबे का परिचय दिया और विरोधियों को हराकर टूर्नामेंट की अंतिम चार टीमों में जगह बनाई।

कर्नाटक ने पहले क्वार्टरफाइनल में मुंबई को वीजेडी मेथड के तहत 57 रनों से मात दी। मुंबई ने निर्धारित 50 ओवरों में 254/8 का स्कोर बनाया। शम्स मुलानी ने 86 रनों की पारी खेली, जबकि सैराज पाटिल ने 33 रन जोड़े। कर्नाटक के लिए विदयाधर पाटिल ने तीन और विद्वत कावेरेप्पा तथा अभिलाष शेठी ने दो-दो विकेट लिए। कर्नाटक की पारी बारिश प्रभावित थी, और उन्हें लक्ष्य का पीछा करते हुए 33 ओवरों में 187/1 रन बनाना था। देवदत्त पदिक्कल और करुण नायर ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। पदिक्कल ने शानदार खेल दिखाते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर कर्नाटक को जीत की ओर अग्रसर किया।

▸ **कर्नाटक ने मुंबई को 57 रन से हराया**



### उत्तर प्रदेश 17 रन से पराजित

दूसरे क्वार्टरफाइनल में सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 311 रन के लक्ष्य का सफल पीछा किया। उत्तर प्रदेश की पारी में समीर रिज़वी और अभिषेक गोस्वामी ने 88-88 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया था। इसके अलावा प्रियम गर्ग और प्रशांत वीर ने क्रमश: 35 और 30 रन बनाये। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया ने तीन विकेट लिए जबकि अंकुर पंवर और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट झटके। सौराष्ट्र की पारी भी रोमांचक रही। शुरुआती झटका तुरंत लगा, जब विस्वराजसिंह जडेजा 9 रन पर आउट हो गए। इसके बाद हर्विक देसाई और प्रेरक मांकड़ ने टीम को संभाला और क्रमश: अर्धशतकीय पारी खेलकर पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश को 17 रनों से हराया। इस जीत ने उत्तर प्रदेश की अनबिटेन स्ट्रीक को तोड़ दिया और सौराष्ट्र को सेमीफाइनल में जगह दिलाई, जहां उनका मुकाबला पंजाब या मध्य प्रदेश से होगा। दोनों मैच बारिश प्रभावित रहे, लेकिन टीमों ने अपने-अपने रणनीति और दबदबे से विजेता बनना सुनिश्चित किया। कर्नाटक और सौराष्ट्र की बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को दबाव में रखा, जबकि गेंदबाजों ने विकेट लेने और रन रेट को नियंत्रित करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से सौराष्ट्र की टीम ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए उत्तर प्रदेश को हार दी.

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 14 रनों से किया पराजित

## श्रीलंका ने वर्षा से प्रभावित तीसरा टी-20 जीत सीरीज 1-1 से की बराबर

**दांबुला (श्रीलंका) 12 जनवरी** बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिंदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिंदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गेंदबाज़ी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, श्रीलंका ने 160/6 के मज़बूत स्कोर पर पारी खत्म की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई, आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे एहसान मलिंगा के वाइड यॉर्कर फेंकने की कोशिश में चार वाइड फेंकने के बावजूद पाकिस्तान लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाया और 14 रन से पीछे रह गया।



## नवी मुंबई में चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा डब्ल्यूपीएल मैच

**नवीं मुम्बई 12 जनवरी** नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा।

### एक नजर में



#### शिखर धवन ने सोफी शाइन से की सगाई

**नई दिल्ली.** पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन नई जिंदगी की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं। सोमवार को उन्होंने लंबे समय से अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ सगाई की घोषणा की। इस खुशखबरी को साझा करते हुए धवन ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों के हाथों में अंगूठियां नजर आ रही हैं। धवन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'खुशियां साझा करने से लेकर सपनों को साझा करने तक। सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर अच्छी शुभकामना के लिए हम आभारी हैं। हमने हमेशा के लिए एक साथ रहने का फैसला किया है।' उनके इस पोस्ट को क्रिकेट प्रेमियों और फैंस ने सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया और कई लोग बधाई संदेश भेज रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिखर और सोफी इस साल फरवरी के तीसरे हफ्ते में शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

#### वैभव सूर्यवंशी का बल्ला फेल

**नई दिल्ली.** भारतीय अंडर-19 टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपनी आक्रामक और तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ बुलबायो में खेले गए अभ्यास मैच में उनका बल्ला पूरी तरह से फेल रहा। इस मैच में वैभव बड़ी स्कोरिंग क्षमता दिखाने में नाकाम रहे और भारत को उनकी उम्मीदों के मुताबिक योगदान नहीं मिला। वैभव सूर्यवंशी की यह नाकामी अंडर-19 टीम के लिए चिंताजनक रही, क्योंकि टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले यह मुकाबला टीम की तैयारी और खिलाड़ियों के फॉर्म का एक बड़ा संकेत माना जा रहा था। युवा बल्लेबाज का खेल जब चलता है तो गेंदबाजों के लिए मुश्किल खड़ी हो जाती है, लेकिन इस बार इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उनकी तकनीक और स्ट्राइक रोटेशन को अच्छी तरह पढ़ लिया और उन्हें जल्दी आउट कर दिया। इस अभ्यास मैच में वैभव के अलावा भी टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाई, लेकिन वैभव की कमजोरी सामने आने से टीम प्रबंधन को रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ा। कोच और टीम के मेंटर अब इस कमजोरी पर काम कर रहे हैं ताकि अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में वैभव अपनी रफ्तार और आक्रामक शैली फिर से हासिल कर सकें।

एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस

# एलेक्जेंड्रोवा पहले दौर में हारीं



**कैनबरा, 12 जनवरी** विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गईं, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं। चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी।

### टौसन ने नाम वापस लिया

आज इससे पहले, टौसन ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक के खिलाफ पहले राउंड के मैच से पहले सेट टाईब्रेक में हारने के तुरंत बाद नाम वापस ले लिया। टौसन ने बाएं पैर पर पट्टी बांधकर मैच खेला था.

# हर्षित राणा को मिली टीम इंडिया में नई भूमिका




**वडोदरा, 12 जनवरी.** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज हर्षित राणा अब सिर्फ गेंदबाजी तक सीमित नहीं रह गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया वनडे में उनकी गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन ने यह संकेत दिया कि टीम मैनेजमेंट उन्हें भविष्य का वनडे ऑलराउंडर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। टीम के कोच गौतम गंभीर और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों का भरोसा, साथ ही पिछले कुछ मैचों में उनके योगदान ने साफ कर दिया है कि भारत उन्हें नंबर सात या आठ के लिए गंभीरता से ग्रूम कर रहा है। उन्होंने गेंद से कीवियों को दो शुरुआती झटके दिए और बल्ले से 23 गेंदों में 29 रन की पारी खेलकर टीम का दबाव कम किया। उनके इस प्रदर्शन से कुल मिलाकर टीम इंडिया को निचले क्रम में हार्दिक जैसा मैच-बदलने वाला विकल्प मिलने की उम्मीद जगी है।



### वाशिंगटन सुंदर वनडे सीरीज से बाहर

**वडोदरा.** ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पहले एकदिवसीय मैच में पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए हैं। वह विगत दिनों न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए और रविवार को क्षेत्ररक्षण के लिए वापस नहीं लौटे।

एसए-20 ▸ रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पराजित किया

# डरबन सुपर जायंट्स प्लेऑफ की दौड़ में शामिल

**ग्केबेरहा, 12 जनवरी** एसए20 में रविवार को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां डरबन सुपर जायंट्स ने सेंट जॉर्ज़ पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दो विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा।

तीन गेंद शेष रहते मिली इस जीत के साथ डीएसजी अंक तालिका में एमआई केप टाउन को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इस नतीजे ने लीग तालिका के शीर्ष पर भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है। शीर्ष पर मौजूद सनराइजर्स (19 अंक) और चौथे स्थान पर काबिज पार्ल रॉयल्स (15 अंक) के बीच सिर्फ चार अंकों का अंतर है, हालांकि पार्ल रॉयल्स ने एक मैच कम खेला है। मैच के निर्णायक क्षण में ऑलराउंडर इवान जोन्स ने दबाव में संयम दिखाते हुए आखिरी ओवरों में एनरिक नॉर्टजे की गेंद पर चौका जड़ा, जिससे विजिटिंग ड्रेसिंग रूम में जश्न शुरू हो गया। शुरुआत में यह जीत लगभग आसान लग रही थी, जब डीएसजी ने पावरप्ले में 71/1 रन बनाकर सनराइजर्स के 158/5 के लक्ष्य का बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया था।

हालांकि दो बार की चैंपियन सनराइजर्स के लिए यह स्कोर पर्याप्त साबित नहीं हुआ और डरबन सुपर जायंट्स ने मुकाबला जीतकर अपने एसए20 सीजन 4 अभियान को नई जान दे दी।



मैच के प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चार दावेदार रहे-मार्केस एकरमैन, सेनुरन मुथुसामी, सुनील नरेन और ट्रिस्टन स्टब्स-जिसमें हारने वाली टीम के कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स को 50.8 प्रतिशत फैन वोट मिले।

# मेरठ 1857 योद्धाज, यूपीकेएल सीजन 3 में उतरेंगे

**नोएडा, 12 जनवरी** एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। नई टीम का नाम मेरठ 1857 योद्धाज रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ।

इस अवसर पर एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक गजेंद्र शर्मा ने कहा, 'मेरठ का भारत के इतिहास में विशेष स्थान है और मेरठ 1857 योद्धाज के माध्यम से हम उस विरासत को कबड्डी के जरिए सम्मान देना चाहते हैं। 1857 में जिस साहस, प्रतिरोध और एकता ने इतिहास रचा, वही मूल्य हम चाहते हैं कि हमारी टीम यूपीकेएल मैट पर भी प्रदर्शित करे।